म०प्र० राज्यकृषि विपणन बोर्ड
26, अरेरा हिल्स,"किसान भवन", भोपाल

क्र/बोर्ड/नि./प्रो.से./निर्देश/2023-24/ 2867 **भोपाल, दिनांक** 11/12/23

प्रति,

कार्यपालन यंत्री,
म०प्र० राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
तकनीकी संभाग.........(समस्त)

विषयः- निर्माण कार्यों की जानकारी के सम्बन्ध में।
सन्दर्भः- कार्यालयीन पत्र क्रमांक 587 दिनांक 05.12.2023।

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के माध्यम से मुख्यालय द्वारा आपके तकनीकी संभाग अंतर्गत मंडी प्रांगणों में चल रहे निर्माण कार्यों की जानकारी चाही गयी थी, उक्त पत्र के तारतम्य में प्राप्त जानकारी को आवश्यक संशोधन उपरान्त संभाग-वार गूगल शीट पर दर्ज किया गया है, उक्त गूगल शीट आपके ई-मेल (gmail id) पर शेयर की जा रही है।

अतः लेख है कि भविष्य में निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति / भौतिक प्रगति संलग्न गूगल शीट पर ऑनलाइन दर्ज करावें।

जानकारी दर्ज करते समय निम्न बातों का ध्यान रखें:-

1. निधिवार जानकारी दर्ज होने उपरान्त SUMMARY पत्रक स्वतः तैयार हो जाएगा, अतः SUMMARY पत्रक को लॉक रखा गया है।
2. मुख्यालय द्वारा किये जा रहे भुगतान की जानकारी मुख्यालय स्तर से दर्ज की जावेगी तथा भौतिक प्रगति की जानकारी संभागीय कार्यपालन यंत्री स्तर से दर्ज होगी।
3. संलग्न गूगल शीट के Format में कोई परिवर्तन न करें, यदि जानकारी दर्ज करने में कोई समस्या आती है तो मुख्यालय में संपर्क करें।

संलग्नः उपरोक्तानुसार।

अधीक्षण यंत्री
म०प्र० राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल